Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding Bodoland Territorial Region Accord-laid.

श्री नव कुमार सरनीया (कोकराझार): गत 27 जनवरी 2020 को बीटीआर एकॉर्ड के जरिये बीटीसी में सशस्त्र आंदोलन लगभग ख़त्म हो गया ।

असम के लोगों की आशा है कि इसके जरिये बीटीसी क्षेत्र में शांति और प्रगति आएगा । आन्दोलनकाल में बोडो के साथ कोच राजबंग्शी, मुस्लिम, आदिवासी, हिन्दू बंगाली , कलिता , नाथ योगी आदि लोग हत्या, हिंसा और लूट के शिकार हुए और लाखों लोगों को शरणार्थी बनना पड़ा । इसलिए समझौते का जल्द से जल्द लागू करने के साथ अन्य जाति जन समूहों का भी विकास जरुरी हैं । एनडीएफबी सशस्त्र केडर के जल्द से जल्द नियोजन की व्यवस्था करना चाहिए साथ ही अन्य युवाओं को भी सुरक्षा बलों में विशेष भर्ती अभियान के तहत शामिल करना चाहिए ।

इसके साथ ULFA, KLO, UGPO और आदिवासी सशस्त्र संगठन के साथ शांति समझौते जल्द से जल्द करना चाहिए और वहा कोई अन्य सशस्त्र संगठन के जन्म होने की सम्भावना सदा के लिए खत्म कर देना चाहिए ।

माननीय सभापति : मेरा आप सभी से निवेदन है कि अपना-अपना स्थान ग्रहण कीजिए । आप वरिष्ठ सदस्य हैं, इस प्रकार का व्यवहार आपको शोभा नहीं देता है । लोकतंत्र में सदन के अंदर चर्चा करनी चाहिए ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : अब भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण संशोधन विधेयक, 2021 लिया जाता है ।

… (व्यवधान)

14.04 hrs